भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 101

उत्तर देने की तारीख: 06.12.2021

भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग प्रोग्राम

†*101. श्री पी.आर.नटराजन:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय भाषाओं में एक वर्ष के इंजीनियरिंग प्रोग्राम की परिकल्पना की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रोग्राम को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या उक्त प्रोग्राम के अंतर्गत परीक्षा संबंधित राज्य की मातृभाषा में ली जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग/तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) से (घ)**:** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

'भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग प्रोग्राम' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पी.आर.नटराजन द्वारा दिनांक 06.12.2021 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 101 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी 2020) में भारतीय भाषाओं में एक वर्षीय इंजीनियरिंग कार्यक्रम की परिकल्पना नहीं की गई है। हालाँकि, एनईपी-2020 में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा/स्थानीय भाषा के उपयोग, और/या उच्च शिक्षा प्रणाली में द्विभाषी रूप से कार्यक्रमों का प्रस्ताव करने के लिए सिफारिशें की गई हैं।

इस संबंध में, सरकार ने कई उपाय किए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने उन्नीस इंजीनियरिंग कॉलेजों को शैक्षणिक वर्ष 2021-22 से दस राज्यों में इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के लिए छह भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए मंजूरी दे दी है।

विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	भाषाएं	राज्य	परीक्षा
1	हिंदी	राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश	द्विभाषी
2	तेलुगू	आंध्र प्रदेश	
3	मराठी	महाराष्ट्र	
4	बंगाली	पश्चिम बंगाल	
5	तामिल	तमिलनाडु	
6	कन्नड़	कर्नाटक	

(ii) एआईसीटीई ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक छात्रों तक पहुंच प्रदान करने के लिए अंग्रेजी भाषा के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को ग्यारह विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की दृष्टि से "एआईसीटीई ट्रांसलेशन ऑटोमेशन एआई टूल" नामक टूल विकसित किया है।

(iii) सरकार, प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों के लिए संदर्भ सामग्री का अनुवाद करने की दिशा में काम कर रही है। स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम) भारत सरकार का अपना मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक) प्लेटफॉर्म है जो विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, मानविकी और सामाजिक विज्ञान, कानून, प्रबंधन आदि विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव कर रहा है। यह एक सतत गतिविधि है और वीडियो क ट्रांसक्रिप्शन सहित कुछ लोकप्रिय स्वयम पाठ्यक्रमों को भारतीय भाषाओं में अनुदित किया जाता है, ताकि शिक्षार्थी अपनी पसंद की भाषा का चयन कर सकें और पाठ्यक्रम को अपनी स्थानीय भाषा में बेहतर ढंग से सीख सकें।

*****